# कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

## प्रबन्ध मण्डल की सप्तदश बैठक का कार्यवाही विवरण

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के प्रबन्ध मण्डल की सप्तदश बैठक दिनांक 12 अगस्त, 2021 (गुरूवार) को दोपहर 03:00 बजे प्रो. डी.सी. जोशी, माननीय कुलपति की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निम्न सदस्यों द्वारा भाग लिया गया।

1. श्रीयुत रामनारायण मीणा, माननीय विधायक, पीपल्दा विधान सभा क्षेत्र, राजस्थान विधानसभा, जयपुर। (ऑनलाईन)
2. श्री टी.पी. मीणा, मुख्य लेखाधिकारी, सी.ए.डी., कोटा

   (प्रतिनिधि – वित्त विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर)
3. डॉ. ओ. पी. यादव, निदेशक, आई.सी.ए.आर.–केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर। (ऑनलाईन)
4. श्री बंजरग कुमार साबू, प्रतिष्ठित कृषि उद्योगपति, तलवंडी, कोटा।
5. श्री चौथमल नागर, प्रगतिशील किसान, कोटा।
6. श्रीमती रूकमणी मीणा, महिला सामाजिक कार्यकर्त्ता, कोटा।
7. डॉ. एम.सी. जैन, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, उम्मेदगंज, कोटा।
8. डॉ. ममता तिवारी, निदेशक मानव संसाधन विकास, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
9. डॉ. विरेन्द्र सिंह, प्रोफेसर, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
10. श्री रामधन रैगर, वित्त नियंत्रक, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
11. श्री नरेन्द्र कुमार जैन, कुलसचिव, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा – सदस्य सचिव।

उक्त बैठक में प्रमुख शासन सचिव (कृषि), प्रमुख शासन सचिव (पशुपालन), सचिव (उच्च एवं तकनीकी शिक्षा), राजस्थान सरकार, जयपुर, डॉ. (प्रो.) डी.पी.जारोली एवं प्रो. अयूब खान उपस्थित नहीं हो सके।

सर्वप्रथम कुलसचिव ने बैठक में उपस्थित समस्त माननीय सदस्यों का स्वागत किया। कुलपति प्रो. जोशी ने माननीय विधायक महोदय श्री राम नारायण जी मीणा, शिक्षाविद् प्रो. अयूब खान एवं प्रो. डी.पी. जारोली, श्री बजरंग कुमार साबू, प्रख्यात कृषि उद्योगपति, प्रगतिशील किसान

श्री चौथमल नागर एवं महिला सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती रुकमणी मीणा को राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के प्रबन्ध मण्डल में पुनः मनोनित किए जाने पर बधाई दी एवं आशा व्यक्त की कि माननीय सदस्यों का बहुआयामी अनुभव विश्वविद्यालय के विकास में मार्गदर्शक बनेगा।

**बोम–17/2021/01:** **षष्टदश प्रबंध मंडल की दिनांक 30.12.2020 की बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि करने बाबत।**

प्रबन्ध मण्डल की षष्टदश बैठक दिनांक 30.12.2020 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसे माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

**बोम–17/2021/02:** **षष्टदश प्रबंध मंडल की दिनांक 30.12.2020 की बैठक के कार्यवाही विवरण पर की गई कार्यवाही रिपोर्ट।**

प्रबन्ध मण्डल दिनांक 30.12.2020 को आयोजित षष्टदश बैठक में लिये गये निर्णयों पर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा विस्तृत चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से पुष्टि की गई।

**बोम–17/2021/03:** **सप्तदश विद्या परिषद की दिनांक 20.07.2021 की बैठक के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत।**

विद्या परिषद की सप्तदश बैठक दिनांक 20.07.2021 को आयोजित की गई, बैठक का कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसे माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

**बोम–17/2021/04:** **सप्तम वित्त समिति की दिनांक 29.06.2021 की बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि करने बाबत।**

सप्तम वित्त समिति की दिनांक 29.06.2021 की बैठक विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित की गई, जिसका कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसे माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि कर्मचारी कल्याण कोष से ऋण हेतु विश्वविद्यालय का अन्य कर्मचारी गारन्टर (जमानतदार) होना अनिवार्य है।

**बोम–17/2021/05:** **वित्तीय वर्ष 2020–21 के वास्तविक बजट एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 के अनुमानित बजट के अनुमोदन बाबत।**

सप्तम वित्त समिति की बैठक दिनांक 29.06.2021 को आयोजित की गई थी, जिसमें विश्वविद्यालय का वित्तीय वर्ष 2020–21 का वास्तविक बजट रूपये 4734.32 लाख एवं वर्ष 2021–22 का अनुमानित बजट राशि रूपये 5517.31 लाख का अनुमोदन किया गया था, जिसके आय–व्यय के विस्तृत विवरण को माननीय सदस्यों ने सर्वसम्मति से पुष्टि की।

**बोम–17/2021/06:** **चतुर्थ अनुसंधान परिषद की दिनांक 24.02.2021 की बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि करने बाबत।**

विश्वविद्यालय के चतुर्थ अनुसंधान परिषद की बैठक दिनांक 24.02.2021 को आयोजित की गई, जिसका कार्यवाही विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसे माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।

**बोम–17/2021/07:** **चतुर्थ प्रसार शिक्षा परिषद की दिनांक 27.02.2021 की बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि करने बाबत।**

विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा परिषद की बैठक दिनांक 27.02.2021 को आयोजित की गई, जिसका कार्यवाही विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसे माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।

**बोम–17/2021/08:** **भवन समिति की दिनांक 16.07.2021 की बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि करने बाबत।**

विश्वविद्यालय के भवन समिति की बैठक दिनांक 16.07.2021 को आयोजित की गई, जिसका कार्यवाही विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसे माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।

**बोम–17/2021/09:** **विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों के सहायक प्राध्यापकों का कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सी.ए.एस.) के तहत पदोन्नति का अनुमोदन करने बाबत।**

यू.जी.सी. रेग्यूलेशन, 2010 के अनुसार माननीय सदस्यो ने प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से निम्नानुसार 05 सहायक प्राध्यापकों को स्टेज–I से स्टेज–II (AGP 6000/– से 7000/–) एवं 03 सहायक प्राध्यापकों को स्टेज–II से स्टेज–III (AGP 7000/– से 8000/–) में सी.ए.एस. के तहत पात्रता तिथि से निजी पदोन्नति (Personal Promotion) का लाभ देने हेतु अनुमोदन किया गया:–

- **स्टेज–I से स्टेज–II (AGP 6000/– से 7000/–)**

| S. No | Name of the Assistant Professor & Place of posting | Subject | Date of moving into L-11 (Stage II: AGP 7000/-) |
|---|---|---|---|
| 1. | Sh. Rajesh Kumar Mahawar, MAF, Kota | Genetics & Plant Breeding | 09.12.2017 |
| 2. | Sh. Bharat Lal Meena, ARS, Kota | Genetics & Plant Breeding | 30.09.2019 |
| 3. | Dr. Ashok Kumar, CH&F, Jhalawar | Biotechnology | 25.09.2017 |
| 4. | Sh. S.N. Meena, COA, Hindoli | Agronomy | 01.08.2019 |
| 5. | Er. I.N. Mathur, ARS, Kota | Agricultural Engineering | 22.08.2018 |

- **स्टेज–II से स्टेज–III (AGP 7000/– से 8000/–)**

| S.No. | Name of the Assistant Professor & Place of posting | Subject | Date of moving into L-12 (Stage III: AGP 8000/-) |
|---|---|---|---|
| 1. | Dr. C.K. Arya, CH&F, Jhalawar | Agricultural Engineering | 29.01.2018 |
| 2. | Dr. S.B.S. Pandey, CH&F, Jhalawar | Silviculture& Agroforestry | 03.07.2017 |
| 3. | Dr. Prahlad V.C., CH&F, Jhalawar | Silviculture& Agroforestry | 22.12.2016 |

**बोम–17/2021/10: विश्वविद्यालय परिसर में संविधान पार्क मय संविधान स्तम्भ की स्थापना करने बाबत।**

श्रीमान सचिव, राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर में संविधान पार्क मय संविधान स्तम्भ का निर्माण पूर्ण करवाने के लिए निर्देशित किया है, इस क्रम में उक्त का प्रारूप वास्तुकार श्री अनूप बरतरिया, चेयरमैन, Sincere Architects Engineers Private Limited द्वारा तैयार किया गया है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 1.50 करोड़ रूपए है। विश्वविद्यालय द्वारा राज्य सरकार से इस हेतु 1.50 करोड़ की लागत का बजट उपलब्ध करवाने हेतु निवेदन किया है। संविधान उद्यान मय संविधान स्तम्भ के निमार्ण हेतु राज्य सरकार से बजट प्राप्त करने हेतु प्रयास किये जाने का निर्णय लिया गया।

**(कार्यवाही : वित्त नियंत्रक)**

बोम–17/2021/11: कृषि महाविद्यालय, हिण्डौली (बून्दी) को अकादमिक सत्र 2021–22 से प्रारम्भ करने हेतु।

माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा वर्ष 2021–2022 बजट घोषणा की अनुपालना में राज्य सरकार द्वारा हिण्डौली बून्दी में विश्वविद्यालय का संगठात्मक महाविद्यालय खोलने की स्वीकृति पत्रांक 03/2021 जयपुर दिनांक 07.04.2021 द्वारा जारी की गई। सप्तदश विद्या परिषद की दिनांक 20.07.2021 की बैठक में लिए गए निर्णयानुसार महाविद्यालय को अकादमिक सत्र 2021–22 से प्रारम्भ करने हेतु प्रस्ताव का माननीय सदस्यों ने अवलोकन कर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया।

(कार्यवाही : अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, हिण्डोली)

बोम–17/2021/12: यांत्रिक कृषि फार्म, उम्मेदगंज, कोटा का आधुनिकीकरण कर उत्पादन मे बढ़ोतरी एवं आय में वृद्धि बाबत।

यांत्रिक कृषि फार्म, उम्मेदगंज, कोटा का आधुनिकीकरण कर उत्पादन मे बढ़ोतरी एवं आय में वृद्धि हेतु माननीय विधायक श्री रामनाराण जी मीणा ने सुझाव दिया कि संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, प्रबन्ध मंडल के अनुभवी सदस्यों, विश्वविद्यालय के अधिकारियों को सम्मिलित करते हुए कृषि अनुसंधान केन्द्र व यांत्रिक कृषि फार्म, उम्मेदगंज, कोटा का भ्रमण एवं विचार विमर्श करके फार्म के विकास की कार्ययोजना तैयार करें, तदोपरांत सरकार से बजट प्राप्त करने हेतु कार्यवाही की जावे। (कार्यवाही : निदेशक अनुसंधान, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा)

बोम–17/2021 आर–01 विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये आदेशों (रिर्पोटिंग आइटम) का अवलोकन।

विश्वविद्यालय की प्रबन्ध मण्डल की आयोजित चतुर्दश बैठक दिनांक 26.06.2020 के एजेण्डा संख्या बोम–14/2020/आर–01 के निर्णयानुसार विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर 02 सहायक अध्यापकों (डॉ॰ प्रहलाद वीसी एवं डॉ॰ नानग राम कोली) को कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सी॰ए॰एस॰) का परिलाभ पात्रता तिथि (ड्यू डेट) से दिए जाने के आदेशों का अवलोकन किया।

आर–02 ➢ विश्वविद्यालय द्वारा अन्य विश्वविद्यालयों/संस्थाओं से निम्नलिखित MoU किए गए, जिन्हे सदस्यों द्वारा अवलोकन किया गया।

- Umbrella MoU between ICAR and Agriculture University, Kota

BoM.

- MoU between Agriculture University, Kota and SKNAU, Jobner
- MoU for Shodh Ganga/ Shodhgangotri between Information and Library Network Centre (INFLIBNET), Gandhinagar and Agriculture University, Kota
- MoU between University of Kota, Kota and Agriculture University, Kota
- MoU between Agriculture University, Kota and ICAR-Indian Institute of Soybean Research, Indore
- MoU between Agriculture University, Kota and ICAR-Indian Institute of Soil & Water Conservation (IISWC), Research Centre, Kota

बैठक के समापन से पूर्व माननीय विधायक श्री रामनारायण जी मीणा ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालयों के फार्मों पर विभिन्न फसलों के उन्नत किस्मों के बीज उत्पादित करके किसानों को उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास किये जाए।

सदस्य सचिव एवं कुलसचिव नरेन्द्र कुमार जैन द्वारा सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए आसन के प्रति धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

(प्रो. डी.सी. जोशी)
कुलपति एवं अध्यक्ष,
प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।

(नरेन्द्र कुमार जैन)
कुलसचिव एवं सदस्य सचिव,
प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।